卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 17 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦23 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रोडवेज बसों के पहिये जाम

### 48 घंटे की हडताल पर गये कर्मचारी,यात्री परेशान



देहरादून((उद संवाददाता))। राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों को परमिट देने और विशेष श्रेणी एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं होने पर उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारी मंगलवार देर रात 12 बजे से 48 घंटे की हड़ताल पर चले गये। जिससे बुधवार प्रदेशभर भर में यात्रियों को भारी फजीहत उठानी पड़ी। यात्रियों को यूपी रोडवेज और प्राईवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ा। बता दें सरकार की ओर से परिवहन निगम के लिए अधिसूचित 13 राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों को परमिट देने के विरोध में और उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में विशेष श्रेणी एवं संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार रात्रि 12 बजे से गुरुवार रात्रि 12 बजे तक 48 घंटे की प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी हुई थी। इसके साथ ही मोर्चा ने दीपावली के बाद पांच नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान भी किया है। त्योहारी सीजन में हड़ताल को देखते हुए सचिव परिवहन बृजेश कुमार संत ने सोमवार को संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों से वार्ता की थी, लेकिन वार्ता विफल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

देहरादून (उद संवाददाता)।प्रेमनगर थाना क्षेत्र के टी स्टेट में मंगलवार देर रात चेकिंग के दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।सूचना मिलते ही एसएसपी देहरादून ओर एसपी सिटी मौके पर पहुंचे । पकड़ा गया बदमाश अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का सदस्य बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहन चोर गिरोह के कुछ बदमाश प्रेमनगर इलाके से जा रहे हैं। सूचना पर एसओजी और पुलिस की टीम ने घेराबंदी की। पुलिस नजदीक पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी पर टक्कर मार(शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में युवती की मौत, युवक गंभीर

### हल्द्वानी रोड पर अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत हो गयी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों सिडकुल स्थित कंपनी में ड्यूटी करके वापस घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जबकि घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दियाग या। प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्द्वानी के कटघरिया, मुखानी निवासी 25 वर्षीय कृतिका गौड़ पुत्री विनोद गौड़ सिडकुल की एक कंपनी में एचआर ऑफिस में काम करती थी। रोजाना की तरह मंगलवार की शाम वह काम समाप्त करके कंपनी में ही काम करने वाले शुभम पांडेय के साथ स्कूटी पर वापस घर लौट रही थी। जैसे वह टांडा जंगल के करीब पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों लहूलुहान हालत में रोड पर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां कृतिका को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभम की हालत गंभीर देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विदेशी महिला ने दोस्ती करके ठग लिये 4.98 लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फेसबुक पर दोस्ती करके एक विदेशी महिला ने डॉलर गिफ्ट करने का झांसा देकर 4 लाख 98 हजार रूपये की ऑनलाईन ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर के आधार पर साईबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बखपुर, उत्तमनगर थाना पुलभट्टा निवासी विनोद कुमार पुत्र ज्ञानेन्द्र प्रसाद ने साईबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी फेसबुक आईडी पर अज्ञात विदेशी महिला की जेनी सूरेज नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी थी रिक्वेस्ट को उसने स्वीकार कर लिया। फेसबुक पर दोस्ती करने के पश्चात उक्त विदेशी महिला ने विश्वास में लेकर विदेश से कुछ कीमती उपहार भेजने की बात कही एवं विदेशी व्हट्सअप नम्बर 447311559776 से चैट करने लगी। काफी समय तक बातें करने पर उसे विदेशी महिला पर विश्वास हो गया। फिर अचानक उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर 7629855061, 9046622172 से कॉल कर स्वयं को दिल्ली एयरपोर्ट से कस्टम एजेंट बताते हुए एक विदेशी पार्सल आने की जानकारी दी। जिसे जेनी सूरेज द्वारा भेजना बताया गया एवं पार्सल में महंगे उपहार होने के कारण इसका कस्टम चार्ज पेड करने को कहा गया। जिस पर यकीन करते हुए उसने कस्टम चार्ज पेड करने का निर्णय लिया और कुछ धनराशि ट्रांन्सफर कर दी। उसके बाद उक्त एजेन्ट ने कहा कि पार्सल के साथ 35 हजार डॉलर भी हैं जो सीधे आपको नहीं भेजे जा सकते हैं जिस हेतु आपका एटीएम बनाया जायेगा उसी में ये रूपये ट्रांसफर किये जायेंगे। जिसके चार्ज के लिए पुन: धनराशि ट्रांन्सफर की गयी। झांसे में आकर उसने अलग अलग बार बैंक खातों में कुल 4,98,000 रू0 जमा किये । बाद में उसे पता चला कि फर्जी फेसबुक फ्रेन्ड बनाकर और उपहार भेजने का लालच देकर उसके साथ ठगी की गयी है। साईबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य बाजार से फड़ हटाने पर भड़के व्यवसायी,धरना प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में दीपावली से पहले फड़ और ठेली लगाकर दीपावली का सामान बेचने वाले लघु व्यवसायियों को हटाये जाने के विरोध में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित तमाम लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य बाजार में धरना दिया। गौरतलब है कि इस बार मुख्य बाजार में त्यौहारों पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए प्रशासन ने नई व्यवस्था की है, जिसके तहत बाजार में आने वाले वाहनों के लिए गांधी पार्क में पार्किंग (शेष पृष्ठ सात पर)

## चार किलो से अधिक चरस के साथ दो तस्कर दबोचे



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पंतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 4 किलो 35 ग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ऑफिस में खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मंगलवार देर सायं रुद्रपुर हल्द्वानी रोड टांडा जंगल के पास पंतनगर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर एक स्कूटी संख्या यूके 04 एजे 0346 को चेक किया जिस पर स्कूटी चला रहे व्यक्ति तथा स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति के कब्जे से 4 किलो 35 ग्राम चरस बरामद हुयी। पुलिस ने बरामद माल सहित चन्द्रशेखर भट्ट पुत्र रमेश चंद्र भट्ट निवासी ग्राम झिरकोट थाना धौलाछीना अल्मोड़ा और दिनेश बेलवाल उर्फ दीपक बेलवाल पुत्र गंगा दत्त निवासी ग्राम सलडी थाना भीमताल को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो मोबाइल और 3100 रूपये की नगदी भी बरामद हुयी। पकड़े गये आरोपियों से बरामद अवैध चरस के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उक्त अवैध चरस को गांव में थोड़ी थोडी एकत्र कर बेचने के लिए लाये थे। एसएसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत 1 सितम्बर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 तक ऊधमसिंहनगर पुलिस ने 2 करोड़ 81 लाख 74 हजार 40 रुपए की अवैध नशीली सामग्री बरामद की है।

## ‘केदारनाथ’ में भी ‘हरियाणा दोहराने’ की तैयारी में ‘कुमारी शैलजा’

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने ही केदारनाथ में बो दिए कांग्रेस की तबाही के बीज, पीसीसी को दरकिनार कर प्रदेश प्रभारी ने तलब की पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट सीधे दिल्ली भेजे जाने पर कांग्रेस में घमासान

-अर्श-



देहरादून। उत्तराखंड की कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा अपनी महत्वाकांक्षाओं एवं अहम के चलते हरियाणा में कांग्रेस की लगभग तय जीत को हर में बदलने के बाद, केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भी एक बार फिर हरियाणा दोहराने की पूरी कोशिश में है। ऐसे समय जबकि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी को कांग्रेस पार्टी की एक माली की तरह देख-रेख करते हुए, कांग्रेस की कमजोरी को ही पार्टी की ताकत बनाने का भरपूर प्रयास करना चाहिए था, कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी स्वयं ही पार्टी में गुटबाजी को बढ़ावा देकर केदारनाथ में कांग्रेस की तबाही के बीज बोती नजर आ रही है हो। बता दें कि उत्तराखंड की कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के बीच आपसी तालमेल आरंभ से ही ठीक नहीं नहीं है । कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के बीच तल्खी उसे समय और भी बढ़ गई थी,जब कुमारी शैलजा ने करन माहरा द्वारा उत्तराखंड में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर की गई कुछ नियुक्तियों को सिरे से खारिज कर दिया था। रही सही कसर प्रत्याशी तय करने को लेकर पर्यवेक्षकों की चयन प्रक्रिया ने पूरी कर दी थी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस आला कमान द्वारा केदारनाथ उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी चयन के लिए प्रदेश कांग्रेस से पर्यवेक्षकों के नाम मांगे गए थे ,जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से युवा विधायक और उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी और वीरेंद्र जाती का नाम भेज दिया गया था और हाईकमान की मंजूरी के बाद पर्यवेक्षक के रूप में उनके नाम की विधिवत घोषणा भी कर दी गई थी, लेकिन अचानक दो दिन बाद दो अन्य पर्यवेक्षकों के नाम भी सामने आ गए। इनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को बतौर मुख्य पर्यवेक्षक और विधायक लखपत बुटोला को पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल कर लिया गया ।माना जाता है कि हाई कमान की ओर से आगे किए गए दोनों पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की पृष्ठभूमि में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की ही भूमिका थी। जिसका उद्देश्य प्रदेश अध्यक्ष को उनकी हैसियत बताना था। चर्चा है कि हाईकमान के स्तर से की गई दो नए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा से राय नहीं ली गई। इसके चलते माहरा पहले से ही अच्छे खासे नाराज थे और अब आला कमान से नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा केदारनाथ के टिकट दावेदारों के नाम एवं उनसे संबंधित फीडबैक, प्रदेश अध्यक्ष महारा को बाईपास करके सीधे आला कमान को भेजे जाने की कार्यवाही ने गुटबाजी की आग में पूरी तरह से घी डालने का काम कर दिया है।कांग्रेस पार्टी कि यह एक स्थापित परंपरा रही है कि पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते हैं।इसके बाद प्रदेश कांग्रेस ही प्रत्याशियों का पैनल हाईकमान को भेजती है, लेकिन यह पहली बार है जब पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट सीधे प्रदेश प्रभारी को भेजी है। जैसा की अपेक्षित था,कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इस पर दबे स्वर (शेष पृष्ठ सात पर)

# मिलावटखोरों के खिलाफ चलेगा सघन चेकिंग अभियान : धन सिंह



देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि त्योहारी सीजन में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को टीमें गठित करने के निर्देश दिए। खासकर मैदानी जिले देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में खाद्य पदार्थों अधिक सैंपलिंग करने को कहा गया। इसके अलावा खाद्य पदार्थों और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जनजागरूकता अभियान भी चलाने के निर्देश दिए। मंगलवार को एफडीए सभागार में स्वास्थ्य मंत्री ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने त्योहारी सीजन में खाद्य संरक्षा उपायुक्त के नेतृत्व में गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 10 दिन तक सभी जिलों में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। जिलों में की गई कार्रवाई की मॉनिटरिंग प्रत्येक दिन निदेशालय स्तर पर की जाएगी। विभागीय मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों से अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नकली खाद्य पदार्थों व दुग्ध उत्पादों की सप्लाई को रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस के साथ सघन चौकिंग अभियान चलाकर नकली उत्पादों को नष्ट किया जाए। बैठक में डा. रावत ने ईट राइट इंडिया कैंपेन को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू करने व अभियान से राजकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, आवासीय विद्यालयों तथा छात्रावासों को भी जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव स्वास्थ्य अनुराधा पाल, महानिदेशक स्वास्थ्य डा. तारा आर्य, अपर आयुक्त ताजबर सिंह, औषधि नियंत्रक हेमंत बिष्ट, संयुक्त निदेशक डॉ. आरके सिंह, उपायुक्त जीसी कंडवाल, आरएस रावत, डॉ. सुधीर कुमार, निशांत त्यागी, डीओ देहरादून मनीष सयाना मौजूद थे।

# पिकअप वाहन खाई में गिरने से तीन की मौत, चार बच्चे घायल

पौड़ी। उत्तराखंड में पौड़ी जिले के कोटद्वार में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। रसिया महादेव- तकुलसारी-मैठाणाघाट मोटर मार्ग पर रणिहाट गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में चालक समेत तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, चार स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। अचानक अनियंत्रित हो गया और खाई में जा गिरा। वाहन में छुट्टी के बाद अपने घर जा रहे इंटर कॉलेज ललितपुर के छात्र भी सवार थे। साथ में ड्राइवर समेत तीन अन्य लोग भी थे। वाहन खाई में गिरते ही तीन लोगों की जान चली गई। वहीं, चार छात्र घायल हो गए। घायल स्कूली बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल में उपचार चल रहा है। मृतकों में आनंद सिंह(60) पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम क्वीन धूमाकोट। ( चालक) मोहन सिंह(65) पुत्र कोतवाल सिंह निवासी किंगोडीखाल धूमाकोट। अर्जुन सिंह(60) पुत्र गुमान सिंह निवासी ग्राम बंदर कोट तह बीरोंखाल शामिल है। जबकि घायल यात्रियों में सानू(16) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ठकुलसारी, बीरोंखाल अनुराग(14) पुत्र रनवीर सिंह निवासी ठकुरसारी बीरोंखाल। आदित्य(14) पुत्र रनवीर सिंह नेगी निवासी ठकुरसारी बीरोंखाल। आयुष(11) पुत्र चंद्र सिंह निवासी ठकुलसारी शामिल है।



# पुणे से देहरादून आ रही फ्लाइट में फिर मिली बम होने की धमकी

देहरादून। पुणे से देहरादून एयरपोर्ट आ रही फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने से खलबली मच गई। रनवे पर उतरते ही विमान को सुरक्षा एजेंसियों ने घेर लिया। तलाशी में फ्लाइट में कोई बम नहीं मिला। फ्लाइट को कुछ देर बाद वापस रवाना कर दिया गया। देहरादून एयरपोर्ट पर इंडिगो को एक्स पर पुणे से देहरादून आ रही उसकी एयरबस 320 (6ई403) में बम होने की सूचना दी गई। यह फ्लाइट शाम सवा पांच बजे 183 यात्रियों को लेकर एयरपोर्ट पहुंची। सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रियों को नीचे उतारकर विमान को चारों तरफ से घेर लिया। सुरक्षा कारणों से विमान को टर्मिनल से कुछ दूरी पर ले जाया गया। सीआईएसएफ, डॉग स्क्वायड और दूसरी एजेंसियों ने फ्लाइट और यात्रियों के सामान आदि की जांच की। विमान में बम की सूचना झूठी पाई गई। इस पर फ्लाइट को शाम साढ़े छह बजे 143 यात्रियों के साथ हैदराबाद रवाना कर दिया गया। देहरादून एयरपोर्ट पर बीते 15 अक्तूबर को सीआईएसएफ को एक्स पर अमृतसर से देहरादून आने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना मिली थी। जिस कारण फ्लाइट को एयरपोर्ट टर्मिनल से करीब तीन किलोमीटर दूर रनवे के दूसरे छोर पर ले जाकर जांच की गई थी। फ्लाइट में बम की सूचना झूठी पाई गई थी। लेकिन बम होने की सूचना के कारण देहरादून आने वाली कई उड़ानों को दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए डायवर्ट कर दिया गया था। इस बार विमान में बम होने की सूचना पर किसी भी फ्लाइट को डायवर्ट या रद्द नहीं किया गया। सभी फ्लाइटें अपने निर्धारित समय पर एयरपोर्ट पहुंचीं। शाम करीब चार बजे इंडिगो को एक्स से उसकी 13 उड़ानों में बम होने की सूचना दी गई थी। जिसमें एक पुणे से देहरादून आने वाली फ्लाइट भी थी।

# बीएड की फर्जी डिग्री मिलने पर तीन शिक्षिकाओं को पांच पांच वर्ष की जेल

रूद्रप्रयाग। बीएड की फर्जी डिग्री से शिक्षा विभाग में नौकरी के मामले में तीन शिक्षिकाओं को अदालत ने पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोषी शिक्षिकाओं को न्यायिक अभिरक्षा में पुरसाड़ी जेल भेज दिया गया। अदालत ने आदेश की प्रति शिक्षा विभाग को भी भेज दी है। साथ ही गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीएड की फर्जी डिग्री से नौकरी मामले में इस माह अभी तक पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं को अदालत जेल की सजा सुना चुकी है। दोषी तीनों शिक्षिकाओं ने चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ से बीएड की डिग्री के आधार पर शिक्षिका की नौकरी प्राप्त की थी। कुछ वर्ष बाद शिकायत पर विभाग ने एसआईटी से इन शिक्षिकाओं की डिग्री की जांच कराई, जो फर्जी मिली। मामले में विभाग ने शिक्षिकाओं को पहले निलंबित और बाद में बर्खास्त कर दिया। इधर विवेचना पूरी करते ही पुलिस ने जिला न्यायालय में केस दर्ज किया। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी की अदालत ने तीनों शिक्षिकाओं को दोषी पाते हुए पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने शिक्षा विभाग को भेजे आदेश की प्रति में कहा, विभाग ने बिना सत्यापन के फर्जी शिक्षकों को सेवा में नियुक्ति के अलावा स्थायीकरण भी दिया। यही नहीं प्रोन्नति भी बिना जांच के दी गई, जो घोर लापरवाही का परिणाम है, इसलिए संबंधित अफसरों पर भी विभागीय स्तर से कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन की बैठक में हंगामा, ताबड़तोड़ फायरिंग

हल्द्वानी। हल्दूचौड़ क्षेत्र के ग्राम देवरामपुर में सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन के लिए हुई बैठक में दो पक्षों में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया मारपीट के बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर असलहे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दिनदहाड़े हुई फायरिंग से मौके पर अफरातफरी मच गई। राहत की बात रही कि गोली किसी को नहीं लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीछा कर फायरिंग करने वाले छह लोगों को हिरासत में ले लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सौंपी तहरीर में ग्राम दौलिया नंबर एक निवासी पूर्व सैनिक कैलाश चंद्र बिरखानी ने कहा है कि मंगलवार को ग्राम देवरामपुर के प्राइमरी स्कूल में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन के लिए पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत की अध्यक्षता में बैठक हो रही थी। बताया कि सस्ते गल्ले की एक दुकान को दो दुकानों में बांटने को लेकर हुई बैठक के दौरान राजू पांडे और मोहित जोशी पूर्ति निरीक्षक से बहस करने लगे। उन्होंने दोनों को समझाने का प्रयास किया तो वे उनसे उलझ पड़े और गालीगलौज तथा मारपीट पर उतर आए। इस पर पूर्ति निरीक्षक बैठक समाप्त कर वहां से चले गए। कैलाश चंद्र का आरोप है कि इसके बाद जब वह वहां से निकलकर अपने गांव में अपनी दुकान के आगे खड़े थे तो मोहित जोशी, राजू पांडे, कार्तिक रजवार, सतीश सनवाल विजय जोशी व दो अन्य युवक तीन कारों से मौके पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवकों ने पथराव भी किया और फिर असलहे से कई राउंड फायर झोंक दिए, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने चार राउंड फायर किए थे। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवकों का पीछा कर छह लोगों को हिरासत में लेते हुए उनकी कार को जब्त कर लिया। इधर, सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बाजपुर कैंप कार्यालय से हजारों की नकदी चोरी

बाजपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बाजपुर स्थित कैंप कार्यालय का ताला तोड़कर चोर 27 हजार नकदी, दस्तावेज सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। गुस्साए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआई को तहरीर देकर मामले की जांच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का वार्ड नंबर 11 भौना कॉलोनी में स्थित कैंप कार्यालय को बंद कर कार्यालय प्रभारी अभिषेक तिवारी 20 अक्तूबर शाम को गया था। 21 अक्तूबर को नैनीताल में जन आक्रोश रैली होने के कारण कार्यालय बंद रहा। मंगलवार सुबह अभिषेक तिवारी कैंप कार्यालय पहुंचे तो देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है और अंदर कमरे में सामान बिखरा है। दराज से करीब 27 हजार रुपये की नकदी गायब थी। इसके अलावा मंदिर के पास तांबे सहित अन्य धातु का पूजा सामान, एसी की वायर भी गायब था। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी यशपाल आर्य को दी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के कैंप कार्यालय पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। वहीं घटना से नाराज कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग की अगुवाई में कोतवाली पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एसआई देवेंद्र मनराल को तहरीर सौंपी। सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। नगराध्यक्ष गर्ग ने बताया कि कार्यालय से पहले भी छुटपुट चोरियां हुई हैं जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है। कहा कि तीन दिन में घटना का खुलासा नहीं होने पर कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहां विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, रजनीत सोनू, रेशम यादव, जैदी खान, तनवीर खान आदि मौजूद रहे।




# डेंगू मलेरिया का खतरा बढा,नहीं होती सफाई व फॉगिंग

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण डेंगू मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा यहां काफी बढ़ चुका है। निगम प्रशासन द्वारा नियमित तरीके से साफ सफाई एवं फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। बीते कुछ समय से पौराणिक शहर काशीपुर में महत्वपूर्ण स्थान पर कचरे के ढेर जमा है। समय से कूड़ा ना उठने के कारण जमा कचरे की ढेर में आवारा पशु मुंह मारते देखे जा रहे हैं। कचरे की ढेर से उठने वाली बदबू एवं सड़ांध के कारण मार्ग से होकर गुजरना दुश्वार है। चौक नाले नालियों की नियमित तरीके से सफाई नहीं की जा रही है। गंदगी अत्यधिक बढ़ने के कारण मच्छरों का प्रकोप काफी हो गया है। लोगों को डेंगू मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा सताने लगा है। संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जिम्मेदार अधिकारी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित नहीं करते। जसपुर एवं काशीपुर में साफ सफाई को लेकर हालात बदतर हो चुके हैं। नवजात बच्चे एवं बुजुर्गों में संक्रामक बीमारियों ने दस्तक देना शुरू कर दिया। सरकारी अस्पताल के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू मलेरिया के रोगियों की तादाद में निरंतर इजाफा हो रहा है। इन रोगों से बचाव के लिए राजकीय चिकित्सालय में किए गए इंतजाम नाकाफी है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी डेंगू और मलेरिया के लक्षण खतरनाक साबित हो सकते हैं। घनी आबादी वाले मोहल्ले के अलावा नगर के महत्वपूर्ण स्थानों पर भी नाले नालियों में लंबे समय से जमा गंदे पानी के कारण मच्छरों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। जसपुर व काशीपुर में जिम्मेदार अधिकारी दायित्वों को लेकर पूरी तरह बेपरवाह है। हालात ऐसे रहे तो मच्छर जनित बीमारियों का आंकड़ा चौंकाने वाला हो सकता है। डेंगू और मलेरिया की शुरुआती लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। अधिकांश लोगों की शिकायत है कि रसूखदार एवं प्रभावशाली लोगों को सरकारी सुविधाओं के दायरे में रखा जाता है।





# खटीमा में नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म,पांच आरोपी फरार

खटीमा। खटीमा कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी भी नाबालिग बताए जा रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। खटीमा विकासखंड के एक गांव निवासी 14 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 अक्तूबर की रात वह मंदिर में हो रहे देवी जागरण में गई थी। वहां साथ पढ़ने वाला एक छात्र भी गया था। रात करीब 12 बजे वह और छात्र पुलिया पर बैठकर बातें कर रहे थे। आरोप है कि तभी वहां पांचों आरोपी आ धमके और दोनों के साथ गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने दोनों के साथ मारपीट की। इसके बाद दोनों को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर बगिया की ओर ले गए। वहां आरोपियों ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पांचों आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़िता के पिता के अनुसार घटना के बाद उनकी पुत्री गुमसुम रहने लगी। पुत्री ने आपबीती बताई तो उनका परिवार मानसिक तनाव में आ गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 137(2),70(2),74,115(2),351(2),352 बीएनएस,5(जी)6/7/8 ,पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# वाल्मीकि जयंती पर धूमधाम से निकली भव्य शोभा यात्रा

## नगर में विभिन्न झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा का जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत







गदरपुर(उद संवाददाता)। महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर वाल्मिकी युवा कमेटी द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा मे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और महर्षि वाल्मीकी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति और साहित्य के अद्वितीय हस्ताक्षर हैं। वे आदि कवि के रूप में जाने जाते हैं और उनके द्वारा रचित रामायण विश्व की प्राचीनतम और महाकाव्य साहित्य में से एक है। वाल्मीकि का जीवन, उनकी काव्य रचना और उनके संदेश आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायक हैं।शोभा यात्रा नगर में विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ धूमधाम से निकली। शोभा यात्रा में मुख्य भूमिका में पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अश्वनी कुमार और बाल्मीकि व कमेटी के अध्यक्ष गौरव कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, परमजीत सिंह पम्मा, सुभाष कुमार, मनोज गुमार मिंटू ,नरेश हुड़िआ, कपिल कुमार वाल्मीकि शोभा यात्रा कार्यकारणी के उपाध्यक्ष सागर कुमार,उपाध्यक्ष सूरज कुमार,उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार,सचिव रजत कुमार (पन्नू), उपसचिवआकाश सावरिया, कोषाध्यक्ष विशु,उपकोषाध्यक्ष अक्की,महामंत्री अंकित कुमार ,मंत्री शुभम कुमार,सदस्य-राजा, अनमोल, सोनू, पवन, आदर्श, सुमित, प्रशान्त, जोनी, अमन, गोलू, लक्की, बन्व, आकाश, अभय, देवू, सुदेश, राजेश, देव, राजकुमार, गुड्डू अरुण, अंशुल, आदर्श, सन्नी, अमित, विठ्द्ध, सचिन, अरुण चौधरी, सन्नी चौधरी, सचिन, रमेश चौधरी, नन्हे राही, राकेश राजपूत,राजपाल, अमन, हरपाल सिंह हितकारी, सुनील बाबू, विनोद विजेन्द्र, नरेश, सुदेश, सुरेश, राजेन्द्र, अंकुश, प्रकाश, सुनील, राकेश चौधरी, अजय, गुलशन, आकाश, प्रेम, अमित, नरेश, रमेश, संजय राकेश वाल्मीकि, विजयपाल, बांके लाल, राकेश सरपंच, सुरेश मंत्री, उद्देश वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, आयुष, राकेश तरजनट, राजेश हितकारी, सुनील सावरिया, करतार सिंह, राहुल वाल्मीकि, दलीप, राहुल वाल्मीकि, छेटे, रमेश मंत्री, रंजीत वाल्मीकि, राजेश कल्लू एवं समस्त वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दुकान पर पथराव करने वाले तीन नशेड़ी युवकों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एसएसपी का ऑपरेशन रोमियो अभियान हुडदंगियो का काल बन चुका है। गत मध्य रात्रि नशे की हालत में महिला व्यापारी नेता की दुकान पर पथराव कर उन्हें धमकाने वाले युवकों में तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गोरतलब हो कि 21 अक्टूबर की मध्य रात्रि मोटरसाइकिल पर सवार 5 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा श्रीमती ज्योति अवस्थी निवासी अरविंद डेरी, रेशम बाग



के पास, गैस गोदाम रोड, कुसुमखेड़ा के प्रतिष्ठान व आवास में पथराव कर गाली गलौच किया गया। जिससे उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। ज्योति की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए थाना मुखानी पुलिस ने घटना में शामिल 3 युवकों को हिरासत में ले लिया गया। जबकि घटना में शामिल अन्य 02 की तलाश जारी है। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मुकेश अग्रवाल पुत्र श्याम मोहन अग्रवाल निवासी कमलवा गाजा, अक्षत क्वीरा पुत्र संजय क्वीरा निवासी कमलवा गाजा तथा सुमित बिष्ट पुत्र अर्जुन सिंह बिष्ट निवासी धौलाघट सोमेश्वर अल्मोड़ा बताया। पुलिस तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दोपहरिया में सेंटर फोर कैटालाइजिंग चेंज संस्था द्वारा समुदाय स्तरीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन आयोजन सेंटर फोर कैटालाइजिंग चेंज ( सी 3) संस्था की तरफ से स्कूल कोऑर्डिनेटर , कुमारी संध्या,




श्रीपाल, आशा फैसिलिटेटर श्रीमति कमला पंत एवं आशा कार्यकर्ता रेनू जोशी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सी 3 संस्था व समर्थ कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक व सामाजिक बदलाव के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल से संजय रावत , द हंस फाउंडेशन की ओर से जे. जे कुमार एवं ग्रामीण सदस्य मौजूद रहे।

# मोबाईल व नगदी चुराने वाले दो शातिर चोर सामान सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिनों राजपुरा में एक घर से मोबाईल व नगदी चुराने वाले 2 शातिर चोरों को कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सुमित कुमार पुत्र हरकेश सिह निवासी राजपुरा वार्ड 12 द्वारा तहरीर दी कि 16 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में घुसकर उसका तथा पिता का मोबाइल, पर्स पैन्ट सहित जिसमें 500 रुपये थे चोरी कर लिया गया है। मामले के खुलासे के लिए गठित टीम द्वारा सीसीटीवी एवम अन्य माध्यम से घटना का अवलोकन कर 2 अभियुक्तों को टनकपुर



रोड गौला गेट ब्लाक हल्द्वानी के पास से चोरी किये गये दो मोबाइल व चोरी किये गये 500 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मुकेश उर्फ चिकारा पुत्र विष्णु वर्मा निवासी ग्राम मैलानी पोस्ट लखीमपुर खीरी थाना मैलानी हाल निवासी कटघरिया चौराहा एसबीआई के पास लामाचौड़ थाना मुखानी तथा अभिषेक पुत्र रामदास निवासी वार्ड 13 राजपुरा बताया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# दो दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार प्रस्तावित दो दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक सहायता विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता



पूर्वक संपादित किया गया। 22 अक्टूबर को राज्य आपदा मोचन बल गदरपुर के असिस्टेंट कमांडर आरएस धपोला, इंस्पेक्टर अमीर चंद एवं उनकी समस्त टीम के द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों के रजिस्ट्रार कानूनगो एवं लेखपालों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक सहायता विशेषज्ञ विषय प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें आपदा में संबंधी विभिन्न विषयों पर गहन जानकारी दी गई जिससे किसी भी आपदा के दौरान त्वरित प्रतिवादन वह प्राथमिक सहायता प्रदान की जा सके। राज्य आपदा मोचन बल के आरएस धपोला के द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया किसी भी आपदा के दौरान क्या करें, क्या ना करें। आईआरएस,मेडिकल ट्रॉमा, सीपीआर, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं केदारनाथ में आपदा पर चर्चा की गई. सायं 4 बजे आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरणों का डेमोंसट्रेशन दिया गया जैसे की वुड कटर हाइड्रोलिक कट्टर लाइफबॉय, हेमर,स्ट्रेचर, प्राथमिक सहायता किट, आदि की जानकारी दी गई जिससे किसी भी आपदा के समय समन्वय बनाते हुए अपने कार्य को निर्बाध रूप से कर सकें।

# गांजे के साथ दो महिलाएं और युवक गिरफ्तार

रूद्रपुर। पुलिस ने 7.703 किलो गांजे साथ दो महिलाओं सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं बिहार से गांजा लेकर उसे गिरफ्तार तीसरे अभियुक्त को बेचने आई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम एसआई होशियार सिंह पुलिस और एसओजी के साथ गश्त करते हुए काशीपुर



रोड पर फ्लाईओवर के पास पहुंचे थे। इसी बीच रेलवे स्टेशन पर ट्रैक की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति और दो महिलाएं आती दिखाई दीं। एसआई ने उन्हें रोककर रेलवे ट्रैक से आने का कारण पूछा तो तीनों सकपका गए। उन्होंने अपना नाम सोनू साहनी निवासी शेट्टी कॉलोनी थाना बिलासपुर रामपुर और पूजा और सविता यादव निवासी गांधी चौक थाना मोफासिल जिला छपरा बिहार बताया। तलाशी लेने पर सोनू के कब्जे से 3.284 किलो, पूजा से 2.132 कि और सविता के पास से 2.287 किलो गांजा बरामद हुआ। महिलाओं ने बताया कि वे सोनू की मां ललिता के कहने पर गांजा लेकर रुद्रपुर आई थीं। ये गांजा उन्होंने अपने छपरा स्थित घर पर तैयार किया था और इसे सोनू साहनी को बेचना था। सोनू ने बताया कि वह रुद्रपुर और बिलासपुर में गांजा बेचता है। पुलिस ने सोनू की मां ललिता को भी अभियुक्त बनाया है। पुलिस को सोनू के पास से 200 रुपये, पूजा के पास से रेल टिकट दो हजार रुपये और सविता के पास से एक हजार रुपये मिले।

# एसएमआई ने भागकर बचाई जान

जसपुर(उद संवाददाता)। धान खरीद को लेकर वरिष्ठ विपणन अधिकारी (एस एम आई) कार्यालय में धावा बोलकर किसानों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया। जसपुर में यह घटना मंगलवार अपराह्न बाद की बताई जा रही है। एस एम आई ने मोबाइल फोन पर बताया कि घटना के वक्त किसान शराब के नशे में चूर थे। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित अधिकारी द्वारा मामले की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है। इस बारे में जब किसानों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो किसानों ने सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। कहा कि क्षेत्र के अधिकांश राइस मिलरों से मोटी रकम वसूल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एस एम आई द्वारा की जा रही धांधली कि उनके पास पुख्ता साक्ष्य हैं। जल्द ही उन्होंने शिकायती पत्र देने की बात कही है।










# देवभूमि 'रजतोत्सव' के रूप में मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम को देवभूमि रजतोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में आज विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। रूपरेखा अनुसार आगामी 6 नवंबर को दिल्ली में उत्तराखण्ड भवन के लोकार्पण, 7 नवंबर को देहरादून में आयोजित होने वाले उत्तराखंड प्रवासी सम्मेलन, 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस तथा 12 नवंबर तक देवभूमि रजतोत्सवः उत्तराखण्ड रजतगाथा से संबंधित कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तराखण्ड के जनमानस, यहां की मिट्टी से प्रेम करने वाले प्रवासियों और उत्तराखण्ड के विकास में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भागीदार बनने की चाहत रखने वाले युवा, महिला, किसान, कारीगर, पर्यावरणविदों, राज्य आंदोलनकारियों सहित सभी को देवभूमि रजतोत्सव उत्तराखण्ड रजतगाथा में भागीदार बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि



विगत वर्षों से उत्तराखण्ड हर एक क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है इसीलिए 6 नवंबर से 12 नवंबर तक विभिन्न दिवसों में समाज के विभिन्न पक्षों को आमंत्रित किया जाए तथा उनसे जुड़ी प्रेरक गतिविधियों को संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखण्ड की विकासगाथा में सभी की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं और हमारे लिए सभी के विचारों का व्यापक महत्व है। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक क्विज प्रतियोगिता तथा महिला, किसान, वेंडर, स्वच्छकार, युवा, प्रवासियों सभी के लिए विशेष सम्मेलन शिविर व कैंप इत्यादि आयोजित किए जाएं ताकि सभी प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहे उत्तराखण्ड की विकासगाथा के साक्षी बन सके। देवभूमि रजतोत्सवः उत्तराखण्ड रजतगाथा का 9 नवंबर 2024 को देहरादून में मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ किया जाएगा तथा एक वर्ष तक चलने वाले इस पर्व का 2025 में कुमाऊं मंडल में समापन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगौली, श्री दीपेंद्र चौधरीव श्री विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल मंडल श्री विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दून विश्वविद्यालय में होगा प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन का आयोजन

देहरादून। आगामी 7 नवम्बर 2024 को दून विश्वविद्यालय, देहरादून के नित्यानन्द ऑडिटोरियम में प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों में बसे प्रवासी उत्तराखण्डी भाग लेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रवासी उत्तराखण्डियों की सहभागिता के माध्यम से प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से किया जाएगा, जिसमें प्रवासी उत्तराखण्डियों के सहयोग और निवेश पर विस्तृत चर्चा होगी। सम्मेलन के तीन महत्वपूर्ण सत्रों में उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था, निवेश के अवसर और पर्यटन के महत्व पर चर्चा होगी। इसके अलावा कृषि, बागवानी और ग्राम्य विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। ये सत्र प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति का संरक्षण और प्रसार, राज्य को फिल्म शूटिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म निर्माण पर मंथन किया जाएगा। यह मंच प्रवासी उत्तराखण्डियों को प्रदेश के विकास में योगदान देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

# लूट के इरादे से चाकू से हमला किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र में घर से बाहर निकला व्यक्ति को लूट के इरादे से घेर लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर लोग पहुंचे तो हमलावर भाग गए। घायल को लहूलुहान की हालत में अस्पताल ले जाया गया। घायल के बेटे ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी विक्रम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता लेखराज सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे घर से बाहर निकले। इसी बीच वहीं के निवासी दबंग ने पिता को लूट के इरादे से घेर लिया। आरोप है कि पिता पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता लहूलुहान हो गये। पिता की आवाज सुनकर मौके पर लोग एकत्रित होने लगे। तभी वह वहां से भाग गया। पिता को लहूलुहान की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। पिता के शरीर पर कई जगहों पर चोट घाव है। मंगलवार को घायल व्यक्ति चौकी रम्पुरा पहुंचा और पुलिस से हमलावर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है।



# आईटीआई टॉपर्स को तकनीकी भ्रमण पर भेजा

नैनीताल। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न आईटीआई के एनसीवीटी (राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद) से संबंधित प्राप्त व्यवसायों में अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा 2024 में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके कौशल ज्ञान में वृद्धि के लिए अपस्किलिंग, रिस्किलिंग एवं एडवांस ट्रेनिंग कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा उपलब्ध अवसर की जानकारी के लिए राज्य के बाहर स्थापित स्किल यूनिवर्सिटी एवं स्किल सेंटर पर भ्रमण पर भेजे जाने हेतु उत्तराखंड सरकार व माननीय मंत्री, कौशल विकास एवं सेवायोजन सौरभ बहुगुणा द्वारा विभाग को दिए गए निर्देशों के क्रम में मंगलवार को कुमायूं मंडल में स्थापित 24 आईटीआई में उच्चतम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम एल एन्ड टी



कंस्ट्रक्शन स्किल सेंटर पिलखुआ एवं नेशनल साइंस सेंटर दिल्ली में भ्रमण के लिए जाने वाले दल को हल्द्वानी स्थित सेवायोजन एवं कौशल विकास निदेशालय से मंगलवार को माननीय सेवायोजन एवं कौशल विकास मंत्री जी के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट एवं विकास भगत द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को गन्तव्य को रवाना किया। इस अवसर पर श्री बिष्ट ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार की तरफ अग्रसर करने का यह बेहतर अवसर है। इस अवसर पर अपर निदेशक सेवायोजन ऋचा सिंह ने अवगत कराया की टीम में 5 छात्राएं समेत 24 प्रशिक्षार्थी शामिल हैं।टीम द्वारा मंगलवार को एलएन्डटी सेंटर का भ्रमण करने के उपरांत विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी गुड़गांव में रात्रि विश्राम किया जाएगा। बुधवार को विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी का भ्रमण करने के उपरांत 24 अक्टूबर को टीम द्वारा नेशनल साइंस सेंटर नई दिल्ली में भ्रमण किया जाएगा एवं उसके बाद यह छात्र,छात्राएं हल्द्वानी वापस लौट आएंगे। इस अवसर पर अपर निदेशक सेवायोजन श्रीमती रिचा सिंह,संयुक्त निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी, मयंक अग्रवाल, उप निदेशक स्मिता अग्रवाल,रितिका त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# उत्तम हालदार को मिली पीएचडी की उपाधि

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वार्ड नं. 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी निवासी उत्तम हालदार को पीएचडी से नवाजा गया है। उत्तम हालदार ने पीएचडी का शोध कार्य कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के समाजशास्त्र विषय में पूरा किया है। पीएचडी उपाधि के शोध निर्देशक डॉ० अंचलेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के निर्देशन में किया। उत्तम हालदार के शोध कार्य का शीर्षक, बंगाली समुदाय एवं नगरीकरणः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (उत्तराखंड के रूद्रपुर शहर के विशेष संदर्भ में) उत्तम हालदार ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, पीएचडी शोध निर्देशक (डॉ० अंचलेश कुमार) अन्य गुरूजनों, अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन हालदार,डॉक्टर संतोष



कुमार त्रिपाठी प्राचार्य सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी गदरपुर सहयोगी मुकेश वर्मा,सतीश चंद दिवाकर, विजय सिंह, रवि भास्कर, व भाई रवि हालदार, समीर हालदार, सुमित हालदार, रोहित सरकार राहुल सरकार को दिया। उत्तम हालदार आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी निवासी प्रफुल्ल हालदार के पुत्र हैं। उत्तम हालदार वर्तमान में गदरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी में शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनको पीएचडी के उपलब्धि मिलने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने बहुत मेहनत मजदूरी कर उनको पढ़ाया है, जिस मुकाम तक वह पहुंचे हैं। उनके पिता प्रफुल्ल हालदार व माता श्रीमती गीता हालदार ने अपने पुत्र पर गर्व जताया है।

# जनजाति समाज के विकास के लिए सरकार गंभीरः सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)।विधानसभा की ग्रामसभा कुल्हा के बुक्सा जनजाति बाहुल्य ग्राम लच्छी भटभोज में ग्रामवासियों द्वारा सभा का आयोजन कर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का स्वागत किया गया और मोदी एवं धामी सरकार द्वारा बुक्सा जनजाति समाज के लोगों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों हेतु धन्यवाद किया और सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि बुक्सा जनजाति समाज एक ऐसा समाज है जिसमें बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति देखने को मिलते हैं और यह समाज हर समय भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है और भाजपा सरकार द्वारा भविष्य में



भी बुक्सा समाज के कल्याण हेतु उनके हित में कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर एसटी आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर,पवन ठाकुर, गोविंद सिंह ,नारायण सिंह, हीरो देवी ,लल्लन ,गोविंद सिंह, वीरू सिंह, संजय सिंह ,विजय सिंह, तुलसी सिंह, कमला देवी ,रामवती सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठानों में छापे मारकर खाद्य पदार्थों के लिए सेंपल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आगामी त्योहार दीपावली को मद्देनजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, ऊधम सिंह नगर की टीम द्वारा गदरपुर, में प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। संदेह के कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिये गये। केवल पंजीकृत/ लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001 804246 पर शिकायत करें। टीम में





आधार पर बालुसाई, लड्डू, किसान टूमैटो कैचअप, जीरा , साबूत मूंग, अजवाइन के कुल छह नमूने जांच हेतु लिये गये। टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर एफएसएस एसआई लाईसेंस नंबर अंकित करें, बाह्य प्रदेशों से ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का जिला अभिहित अधिकारी, डा प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशा आर्या शामिल थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रामलीला का शुभारम्भ

गुलरभोज(उद संवाददाता)। कैनाल कॉलोनी नंबर 2 में उत्तराखंड संस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित रामलीला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मुख्य अतिथि के रूप में रहकर दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया और कहा कि प्रभु राम की लीला जो भारत की संस्कृति एवं इतिहास को हमारी हर पीढ़ी को धर्म शिक्षित कर रही है और प्रभु राम के आदर्श जीवन के लिए सबसे उत्तम आदर्श हैं, प्रभु राम की कृपा से समस्त क्षेत्र में खुशहाली आए ऐसी कामना करता हूँ। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, कपिल कुमार, परमजीत सिंह पम्मा,सतीश चुग,किशोर सामन्त,मनोज देवरारी, कुनाल रस्तोगी,विपीन बहुगुणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर लगाने के लिए चलायें जागरूकता अभियान: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सांसद अजय भट्ट ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की गहनता से समीक्षा करते हुए कहा कि विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने हेतु जनता के बीच जाकर जन जागरूकता अभियान चलायें साथ ही पुराने मीटर बिलो को सुधारे तथा पुराने टेड़े, टूटे विद्युत पोलो को बदले व झूलते विद्युत तारो को दुरूस्त करें। उन्होने जनप्रतिनिधियों की मांग पर नजूल भूमि पर बने पुराने भवनों में विद्युत संयोजन पूर्व की भांति दिये जाये तथा नये भवनो में विद्युत संयोजन जांच पड़ताल कर दिये जाये। सांसद भट्ट ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पेयजल योजना का ओवरहैड टैंक, पम्प हाउस पूर्ण होने के अंतिम चरण में ही पाइपलाइन बिछाने हेतु सड़क खुदाई की जाए इसके साथ ही पेयजल लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सडकों व मार्गों को तुरंत सही करें ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पडें। उन्होने जेजेएम के अन्तर्गत बाजपुर में महेशपुरा, रामजीवनपुरा व रतनपुरा गांव में ओवर हैण्डटैंक बन गये है व पेयजल लाइने बिछने पर भी अभी तक पेयजल आपूर्ति न होने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही जलापूर्ति कराने व खुदाई की गयी सड़कों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जो भी कार्य पूर्ण किये जाते है उसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को अवश्य दे तथा लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रनिधियों को आमंत्रित किया जाये। उन्होने कहा कि निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सांसद भट्ट ने कहा कि उधमसिंह नगर हेतु केन्द्र सरकार द्वारा फोरेन्सिक विश्वविद्यालय स्वीकृत किया है व 250 करोड़ धनराशि भी स्वीकृत कर दी गयी है। उन्होने इसके लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये साथ ही फोरेन्सिक विश्वविद्यालय के भूमि चिन्हित होने व भवन निर्माणा होने तक पत्थर चट्टा में खाली पड़ी विद्यालय में संचालन हेतु एनओसी दिलाने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होने बाढ आपदा



दौरान कैलास नदी से टुकडी- बिचुआ पुल क्षतिग्रस्त होने व अंजनिया गांव में कई जगह नदी से भू-कटाव का पैचिंग कार्य का आगणन की जानकारी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि अंजनियां गांव में भू कटाव रोकने हेतु 9.95 करोड़ का आंगणन प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। समीक्षा दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के आश्रय हेतु गौशालाओं की समीक्षा की जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 गौशाला स्वीकृत हो गयी है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण की समीक्षा के दौरान निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट मोनिका डेम्बला ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को भूमि हस्तांरित हो गयी है जिसमे 3 हजार मीटर का रनवे के साथ ही नया टर्मिनल भवन बनाया जायेगा साथ ही आवासीय भवन, संचार उपकरण खरीद व नाईट लैंडिग, कारगो प्रस्ताव भी रखा गया है। जिस पर मा0 सांसद ने कहा पंतनगर एयरपोर्ट को विस्तारीकरण कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाना एक एतिहासिक कार्य हो रहा है। उन्होने कारगो सुविधा को लेकर औद्योगिक संस्थानो के प्रबंधको के साथ भी बैठक करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ ही एनएचएआई को सड़क विस्थापन हेतु 103 एकड़ भूमि व 188 करोड़ धनराशि आवंटित कर दी गयी है। जिस पर मा. सांसद ने एयरपोर्ट विस्तारिकरण सर्वे आदि कार्यो में तेजी लाने व एनएचएआई को सर्वे आंगणन आदि में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संजय वन में सौन्दर्यकरण व विद्युतीकरण, एनएचएआई द्वारा काशीपुर रामनगर फोरलैन, रूद्रपुर रिंगरोड की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रा. कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अमृत योजना 2.0, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रा. क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, जनमन योजना आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बैठक में मा. सांसद जी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। बैठक में, विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, पूर्व मेयर रूद्रपुर रामपाल सिंह, उषा चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, योगेश वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, पीडी हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त काशीपुर रोहिताश शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, एएस नेगी, लघु सिंचाई, लोनिवि ओपी सिंह, विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, पेयजल निगम शिवम दूबे, एनएच लोनिवि प्रवीण कुमार, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## दिशा की बैठक में विधायक अरोरा ने उठाई कई समस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक में विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र की कई समस्याओं को उठाया। विधायक अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में बहुत बड़ी आबादी नजूल भूमि व दानपात्र की जमीन पर निवास करती है जिनको बिजली कनेक्शन लेने हेतु



लम्बे समय से समस्या आ रही है उन्होंने कहा प्रशासन के अधिकारी इसका समाधान निकालें जिससे ऐसे परिवारों को समस्या न आये। इसके साथ ही विधायक अरोरा ने कहा कि पेयजल निगम द्वारा जगह जगह कार्य करने के चलते रोडो की हालत खराब हों गयी है उनको जल्द से जल्द ठीक कराने का कार्य करे। विधायक अरोरा ने कहा कि सांसद अजय भट्ट के प्रयास से संजय वन मे सौंदर्यीकरण की सौगात मिली है जो पर्यटन क्षेत्र रुद्रपुर में ही आता है उसको और किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है जो हमारे क्षेत्र की आने वाले समय मे पहचान बने ओर पर्यटक स्थल के रूप मे एक नई पहचान के रूप मे विकसित हों इस पर विस्तृत कार्ययोजना बनाकर भव्य आकर्षक आकार दिये जाने की आवश्यकता है। विधायक ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद भट्ट से कहा कि उक्त सभी विषय महत्वपूर्ण है जिनको करवाना अनिवार्य है जिसपर सांसद भट्ट ने भी सहमति जतायी और रुद्रपुर की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन को निर्देशित किया।

## सांसद ने निर्माणाधीन सर्किट हाउस का किया निरीक्षण



रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने स्टेडियम के सामने निर्माणाधीन सर्किट हाउस का विधायक शिव अरोरा व जिला अधिकारी उदयराज सिंह, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने कार्य प्रगति व गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रसंशा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह व कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम के सहायक अभियंता एससी भट्ट ने बताया कि 3624.06 लाख की धनराशि से तीन मंजिला सर्किट हाउस बनाया जा रहा है। जिसमे सीएम सूट, कार्यालय व 11 वीआईपी सूट, 08 सामान्य सूट, मीटिंग हॉल, मैनेजर कक्ष बनाये जा रहे है जबकि परिसर के दूसरे ब्लॉक में 01 डोर मेट्री, 05 स्टाफ रूम, कैन्टीन बनाये जा रहे है।

## आरएएन स्कूल में संगीत प्रतिभा प्रतियोगिता आयोजित

रुद्रपुर। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन से से नौ के छात्रों के लिए संगीत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का





आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विभिन्न श्रेणियों में संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतियोगिता के दौरान कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों ने 'पुराने और सुनहरे बॉलीवुड गीतों' की थीम पर अपनी प्रस्तुतियां दीं, जबकि कक्षा आठ और नौ के छात्रों ने 'अर्धशास्त्रीय' संगीत की थीम पर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों के उत्साह और संगीत के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास और कला के प्रति रुझान को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता के अंत में, विजेताओं को सम्मानित किया गया।विजेताओं में कक्षा तीन से आरव, कक्षा चार और पांच से प्रथम कुणाल, द्वितीय शिवांश, तृतीय अर्नब मुखर्जी रहे। कक्षा छह और सात से प्रथम आदित्री, द्वितीय वासु, और तृतीय अराध्या रही। कक्षा आठ और नौ से प्रथम जयवीन, द्वितीय एशनी, तृतीय निहारिका विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों की भागीदारी की सराहना की और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चीमा हॉस्पिटल में फेफड़ों की निशुल्क जांच का शिविर 25 को

रुद्रपुर। किच्छा रोड स्थित चीमा हॉस्पिटल में फेफड़ों की बीमारियों से संबंधित निशुल्क जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 अक्टूबर को किया जा रहा है, जिसमें फेफड़ों से संबंधित कई जांच नि:शुल्क होगी। यह जानकारी देते हुए फेफड़ा रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर भारत रावत ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को किच्छा रोड स्थित चीमा हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में फेफड़ों से संबंधित निशुल्क जांच चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है जिसमें फेफड़ों की बिमारियां जैसे अस्थमा, निमोनिया, बोकाइटिस, पलमोनरी फाइब्रोसिसिस, फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों की धमनियों का रक्तचाप, पल्मोनरी टीबी, इम्फीसीमा की नि:शुल्क जांच की जायेगी साथ ही जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां भी दी जायेगी। ईसीजी और चेस्ट एक्सरे पर छूट भी दी जायेगी। डा. रावत ने क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



## दीपावली तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य स्थगित करने की मांग

### व्यापारियों का प्रतिनिधि मण्डल नगर मजिस्ट्रेट से मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर के समस्त पदाधिकारी एवं कई व्यापारियो ने नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई से मिलकर व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया। साथ ही एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित किया। जिसमे मंगल पड़ाव से रोडवेज तक रोड चौड़ीकरण की कार्रवाई को दीपावली तक स्थगित करने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना था कि इस कार्यवाही से पूरा बाजार प्रभावित हो रहा है। व्यापारी पूरे वर्ष दीपावली का इंतजार करता है और उसके लिए बहुत पहले से तैयारी की जाती है। वर्तमान में ऑनलाईन ट्रेडिंग से पूरा बाजार प्रभावित है। विशेष तौर



पर लघु व्यवसायों की हालत अत्यन्त दयनीय है। उन्होंने कहा बाजार क्षेत्र में यातायात किसी भी रूप में बाधित न करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, सहित संदीप सक्सेना, पवन सागर, विजय गुप्ता, मयंक गुप्ता,मिंटू देवल, पवन गुप्ता, सत्येंद्र जैन, छोटू कश्यप, राजू बिष्ट, आदर्श सक्सेना, विजय प्रकाश शर्मा आदि व्यापारी शामिल थे।

## एक नवम्बर को ही दीपावली मनाने का लिया निर्णय

द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश में दीपावली का त्यौहार किस दिन मनाया जाएगा इसको लेकर अलग-अलग मत और अलग-अलग गणनाएं दी जा रही है। जिससे जनमानस में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड का मानना है कि देवभूमि में सनातन धर्म के सबसे बड़े त्यौहार को एक ही दिन मनायें इस संदर्भ में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता की पहल पर हल्द्वानी क्षेत्र के जाने-माने विद्वान ज्योतिषाचार्यों को एक मंच में आमंत्रित किया। जो दीपावली के संदर्भ में ज्योतिष एवं अन्य गणनाओं के अनुसार एक मत बनाकर दीपावली को किस दिन मनाया जाए इस पर विचार करेंगे। ताकि सभी लोग एक ही दिन दीपावली का पर्व मना



सकें। इस पुनीत कार्य में डा. जगदीश चन्द्र भट्ट, डॉ नवीन जोशी, गोपाल दत्त भट्ट (व्यास जी),दीपक जोशी (रामदत्त जोशी पंचांग निर्माता),श्रीमती मंजू जोशी, गोपाल दत्त त्रिपाठी, डॉ नवीन बेलवाल,डॉ राजेश जोशी, मनोज उपाध्यक्ष को आमंत्रित कर एक मंच में बिठाया। सभी विद्वानों ने एक मत होकर कहा कि इस वर्ष दीपावली एक नवंबर को ही मनाई जाएगी। सभी सम्मानित ज्योतिषाचार्यो ने एक मत होकर पहली नवंबर को दीपावली मनाने का निर्णय लिया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एलएसी पर विश्वास बहाली

जब भी दो देशों के बीच सीमा पर तनाव बना रहता है, तो स्वाभाविक रूप से उनका आर्थिक विकास प्रभावित होता है। इसलिए दुनिया भर में प्रयास किए जाते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ तनाव का रिश्ता न रहे। मगर अक्सर वर्चस्ववादी नीतियों के चलते कुछ देशों में परस्पर टकराव बना रहता है। भारत और चीन के बीच भी लंबे समय से रिश्ते इसीलिए मधुर नहीं हो पाते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की मर्यादा का पालन नहीं करता। वह अपनी विस्तारवादी नीति पर कायम है। 15 जून, 2020 को चीनी सैनिकों ने गलवान घाटी के भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया था। दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। उसके बाद चीन ने भारत के हिस्से वाले छह क्षेत्रों में अतिक्रमण कर लिया था। तबसे लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। अच्छी बात है कि दोनों देशों के बीच अब अपने सैनिकों को वापस बुलाने और एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करने पर सहमति बन गई है। सोमवार को भारत ने इसकी सूचना जारी की थी, अब चीन ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ मिल कर सीमा संबंधी विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगा। यह अच्छी बात है कि गलवान में हुए सैन्य संघर्ष के बाद भी चीन बिना किसी हील-हुज्जत के हमेशा बातचीत की मेज पर बैठता रहा। तब से सैन्य अधिकारी स्तर की बीस से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। इसके अलावा विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। इन्हीं बैठकों और बातचीत का नतीजा है कि चीन ने भारत के छह में से चार क्षेत्रों देपसांग, गलवान, हाटस्प्रिंग और पैंगोंग से अपनी सेना हटा ली थी। मगर अभी भी दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक में उसका कब्जा बना हुआ था। भारतीय सैनिक उन क्षेत्रों में गश्त करने नहीं जा सकते थे। ताजा समझौते के अनुसार उन दोनों क्षेत्रों को भी खोल दिया गया है। अब भारतीय सेना अपने तय क्षेत्रों में गश्त कर सकेगी। भारत ने इसे चीन का सकारात्मक रुख बताया है। दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए उनकी सेनाओं का परस्पर मेलजोल बढ़ना जरूरी है। इस तरह अगर भरोसा बढ़ेगा, तो निश्चय ही सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाना आसान होगा। हालांकि चीन के किसी भी रुख पर दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है। पूर्वी लद्दाख में उसके ताजा सकारात्मक रुख से निस्संदेह भारतीय सेना का तनाव काफी कम होगा, मगर चीन कब अपना रुख बदल ले, कहना मुश्किल है। भारत के पड़ोसी देशों, पाकिस्तान और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के जरिए उसने अपनी मौजूदगी बढ़ाने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। समय-समय पर वह भारतीय हिस्से वाली जगहों को अपना बता कर उनका नाम बदलता और उन्हें अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हिंद महासागर में वह अपनी मौजूदगी बनाए रखने और बढ़ाने का लगातार प्रयास करता देखा जाता है। इसलिए उचित ही भारत कोई बड़ा दावा करने से बच रहा है। मगर यह भारत की बड़ी कामयाबी कही जाएगी कि उसने बहुत सावधानी और संयम के साथ चीन को अतिक्रमण वाली जगहों से वापस लौटने को राजी कर लिया। अगर इसी तरह दोनों देश निरंतर और सकारात्मक रुख के साथ प्रयास करते रहें, तो सीमा विवाद को भी सुलझाने की उम्मीद जगती है।

## डीएम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण, पांच डॉक्टर मिले नदारद

बागेश्वर (उद संवाददाता)। मंगलवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट का औचक निरीक्षण किया। अचानक डीएम को परिसर में देखकर वहां उपस्थित चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी के निरीक्षण में पांच चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर चिकित्सा अधीक्षक को व्यवस्थित करने के लिए अस्पताल में सभी व्यवस्थाए उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए, जिसके बाद जिलाधिकारी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित प्रचार-प्रसार सामग्री अस्त-व्यस्त पाए जाने पर बीपीएम को कड़ी फटकार लगाते हुए जबाव तलब किया। निरीक्षण में चिकित्सालय में व्याप्त गंदगी पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें पांच डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। डॉक्टरों की अनुपस्थिति की जानकारी प्राप्त करने पर पांच चिकित्सक बिना आवेदन के अनुपस्थित चलने पर डीएम नाराज हो गए जिस पर उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों का स्पष्टीकरण



लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न योजनाओं की प्रचार सामग्री अस्त-व्यस्त रूप में मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए एमओआईसी को सम्बंधित का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। साथ ही प्रचार सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखने को कहा। डीएम ने स्वास्थ्य महकमे को तत्काल सुधारने, और कोताही दोबारा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, कहा कि चिकित्सालय में मरीजों को किसी प्रकार कि परेशानी नहीं हो, पर्याप्त दवाइयां अस्पताल में मौजूद हो इसके लिए सभी प्रकार कि व्यवस्थाए बनाने के निर्देश चिकित्सा अस्पताल चिकित्सा प्रभारी को दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर व शौचालय में गंदगी मिली। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। तथा इधर उधर बिखरी सामग्री को उचित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में अग्निशमन उपकरणों के निरीक्षण में बाहर स्थापित कुछ उपकरण कालातीत मिले। जिलाधिकारी ने अग्निशमन उपकरण को क्रियायशील रखने और कालातीत उपकरणों को बदलने के निर्देश दिए। डीएम ने चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के निर्देश देते हुए परस्पर रिकार्डिंग करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी चिकित्सालय के सामान्य वार्ड में भर्ती मरीजों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। जिलाधिकारी ने बाल रोग विशेष, दन्त रोग चिकित्सक, अंधता निवारण कक्ष, दवा वितरण, एक्सरे कक्ष, आपातकालीन कक्ष में आवश्यक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान डॉ अनुभा, डॉ अभिलाष भी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में लोगों की शिकायतों का किया समाधान

नैनीताल (उद संवाददाता)। मंगलवार को आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायतों को सुना। मौके पर एक शिकायतकर्ता चंद्रा देवी पत्नी बैले जैली लॉज हल्द्वानी भोटिया पड़ाव जो नाईका स्टोर हल्द्वानी में कार्य करती थी, संबंधित कंपनी द्वारा उन्हें दो मांह का भुगतान करना था, जनसुनवाई में उनके रुके हुए 2 मांह का वेतन रुपये 20 हजार मौके पर ही उनके खाते में जमा कराया गया जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुई तथा उन्होंने आयुक्त का आभार जताया। जन सुनवाई के दौरान एक प्रकरण जो वीजा फ्रॉड से संबंधित था, शिकायतकर्ता अशोक चन्द्र लोहनी निवासी पिथौरागढ़ द्वारा गुरजिंदर निवासी हल्द्वानी पर विदेश (मास्को) भेजने हेतु बीजा बनाए जाने के लिए 1.80 लाख नकद लेने के बाद भी वीजा न देकर ठगने की शिकायत पर आयुक्त ने मौके पर उपस्थित गुरजिंदर, संबंधि



त व्यक्ति को एक सप्ताह के भीतर शिकायत कर्ता को ठगी से लिए गए 1.80 लाख रुपये लौटाने के निर्देश दिए, साथ ही पुलिस विभाग को जिले में हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखते हुए शिकंजा कसते हुए ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए इन घटनाओं पर पूर्ण लगाम लगाने हेतु एक अभियान चलाने के निर्देश दिए। जन शिकायतों में आयुक्त के सम्मुख भूमि विवाद भूखण्ड से धनराशि दिलाए जाने, पारिवारिक विवाद अतिक्रमण हटाए जाने आदि से सम्बन्धित आई। आयुक्त द्वारा जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने मौके पर शिकायतकर्ता व संबंधित पक्ष दोनों से वार्ता करते हुए प्रकरण के बारे में जानकारी ली तथा सम्बन्धित शिकायतों व विवादों का निस्तारण कराए जाने के साथ ही एक निश्चित तिथि निर्धारित कर संबंधित को आदेशित किया। आयुक्त ने कहा कि जनसुनवाई में शिकायतकर्ता पूर्ण जानकारी व दस्तावेजों के साथ अवश्य उपस्थित हों, ताकि उनकी शिकायत का निस्तारण त्वरित व मौके पर हो सके। जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतों का आयुक्त द्वारा मौके पर समाधान किया।

## कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने प्रदेश प्रभारी को भेजी रिपोर्ट, 13 लोगों ने की दावेदारी



देहरादून (उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव में उम्मीदवारों को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर कांग्रेस में रार छिड़ गई है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अगुवाई में चार सदस्यीय पर्यवेक्षकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बाईपास कर रिपोर्ट सीधे प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को सौंपी है। यह पहली बार है, जब पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नहीं दी है। उपचुनाव में कांग्रेस एकजुट होने का दावा कर रही, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के बीच मनमुटाव से दावों की पोल खुल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने विधायक भुवन कापड़ी व वीरेंद्र जाती को पर्यवेक्षक नियुक्ति किया। अगले दिन प्रदेश प्रभारी ने पर्यवेक्षकों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल व बदरीनाथ से विधायक लखपत बुटोला को शामिल किया। 19 अक्तूबर को चारों ने केदारनाथ विस क्षेत्र का दौरा कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। पार्टी की परंपरा रही है कि पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते हैं। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस ही प्रत्याशियों का पैनल हाईकमान को भेजती है, लेकिन इस बार पर्यवेक्षकों ने सीधे रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी को भेजी है। केदारनाथ विस उपचुनाव के लिए 13 कांग्रेसियों ने टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। जिसमें पूर्व विधायक मनोज रावत, जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, आलोक बगबाड़ी, लक्ष्मण रावत, वीर सिंह बुडेरा, विनोद राणा, कुलदीप कंडारी, शशि सेमवाल, गणेश तिवारी, शिशुपाल सिंह बिष्ट, अवतार सिंह नेगी, ऋतु पुष्पवाण, अभिषेक भंडारी के नाम शामिल हैं।

## केदारनाथ उपचुनाव में प्रचार करेंगे भाजपा के 40 स्टार प्रचारक नेता

देहरादून। केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा के 40 स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार गरमाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सरकार के मंत्री, सांसद, व पूर्व सीएम के अलावा पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का भी नाम है। आशा केदारनाथ उपचुनाव से टिकट की दावेदारी कर रही हैं। पार्टी के पैनल में उनका नाम सबसे ऊपर है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक, सूची में पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम, रेखा वर्मा, सांसद अजय टम्टा, नरेश बंसल, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, अजय भट्ट, सांसद अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक भरत सिंह चौधरी, अनिल नौटियाल, भूपाल राम टम्टा दीप्ति रावत, आशा नौटियाल, जोगेंद्र पुंडीर, समीर आर्य आदि के नाम शामिल हैं।

## केदारनाथ उपचुनाव के लिए दो लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ उपचुनाव के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी हो गई है। जिसके बाद राजनैतिक दलों में अपनी कमर कस ली है। पहले दिन दो लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र खरीदे। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने चुनाव संबंधित सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। केदारनाथ उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो गई है और इसी के साथ सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी 07-केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने और प्राप्त करने के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जबकि आज दो व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए हैं। जिनमें डॉ. आशुतोष भंडारी और रमेश नौटियाल द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए हैं। आपको बता दें कि केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कुल 90 हजार 540 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें कुल मतदाताओं में से 44 हजार 765 पुरुष मतदाता हैं। जबकि 45 हजार 565 महिला मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगी। बता दें कि केदारनाथ उपचुनाव के लिए 29 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तिथि है। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी और जबकि चार नवंबर को नाम वापसी की तिथि घोषित की गई है। तो वहीं 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी और रिजल्ट आएगा।

## मानसून सीजन में पांच सौ नए भूस्खलन जोन हुए विकसित

देहरादून। राज्य में जुलाई, अगस्त और सितंबर में मानसून के कारण हुए नुकसान को लेकर एसडीसी फाउंडेशन ने उत्तराखंड डिजास्टर एंड एक्सीडेंट एनालिसिस इनिशिएटिव (उदय) रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि राज्य में हर साल नए भूस्खलन जोन यानी लैंडस्लाइड जोन विकसित हो रहे हैं। इस मानसून सीजन में 500 नए भूस्खलन जोन चिन्हित किए गए। हिमालय दिवस के मौके पर वाडिया हिमालयन इंस्टीट्यूट में यह जानकारी दी गई। बताया गया कि इनमें से ज्यादातर नए भूस्खलन जोन निर्माण कार्यों के कारण विकसित हुए हैं। रिपोर्ट में नई चुनौतियों का भी जिक्र है, इसमें बताया गया है कि इस मानसून सीजन में एक बड़ी चुनौती जर्जर स्कूल भवनों के कारण पैदा हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 11465 यानी 60 प्रतिशत सरकारी स्कूल भवन असुरक्षित हैं। एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा की रिपोर्ट में मानसून सीजन में बढ़ते भूस्खलन, केदारनाथ में तबाही, बंद सड़कों, पुराने घाव और नई चुनौतियां को शामिल किया गया है। कहा कि उत्तराखंड को अपने आपदा प्रबंधन तंत्र और क्लाइमेट एक्शन की कमजोर कड़ियों को मजबूत करने की सख्त जरूरत है। कहा कि उत्तराखंड उदय मासिक रिपोर्ट राजनीतिज्ञों, नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों के लिए सहायक होगी।

## बाइक सवार युवकों ने सरेआम कार चालक को पीटा, कार में तोड़ फोड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाइक सवार दो युवकों ने एक कार चालक को सरेआम पीट दिया। और ईट पत्थर मारकर कार क्षतिग्रस्त कर दी। हमले में कार चालक को गंभीर चोटें आयी हैं। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। केहर सिंह पुत्र सरवन सिंह निवासी तपस्या विहार गंगापुर रोड ने बताया कि वह अपनी कार से रूद्रपुर की तरफ आ रहा था। रात्रि करीब 9:30 बजे कार से छोटा जे0पी0एस स्कूल के निकट किच्छा बाईपास रोड रोडवेज के पास पहुंचा तभी रॉग साइड से तेज रफ्तार व लापरवाही से ओवर टेक करके मोटर साईकिल पर सवार दो अज्ञात युवकों ने कार को रूकवाया। टक्कर का बहाना कर हमला कर दिया। जबकि कार से किसी प्रकार की कोई टक्कर नहीं हुई थी। दोनों युवकों ने हाथ में पहने कड़े से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। इसके अलावा कार में भी बुरी तरह से कड़े व ईट पत्थर से तोड़फोड़ कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों मौके से फरार हो गये। घटना के बाद उसने रोडवेज पर तैनात पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसके सिर पर 12 टांके आये हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बीएसएनल की सेवा ठप होने पर काटा हंगामा

रामनगर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में बीते कई महीनों से बीएसएनएल की 4जी एवं 5जी नेटवर्क सेवा पूरी तरह ठप हो चुकी है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर बुधवार को निवर्तमान सभासद भुवन डंगवाल के नेतृत्व में मोहल्ला पंपापुरी एवं भरतपुरी के अलावा कई इलाकों के लोगों ने बीएसएनएल कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। कार्यालय में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी के न मिलने पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना था कि जब लोगों को सरकार ने बीएसएनएल के सिम दिए थे उस दौरान लोगों से काफी वादे किए गए थे लेकिन आज सरकार और जिम्मेदार अधिकारी जनता से किए गए वादों को पूरी तरह भूल गए हैं। लोगों के मोबाइल फोन में बीएसएनएल के टावर ना आने के कारण फोन खिलौना बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि यह एरिया कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से लगने के साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्र भी हैं यदि कभी भी कोई घटना घटती है तो मोबाइल में नेटवर्क ना आने के कारण एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों से इस समस्या का समाधान करने की मांग की। समस्या का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी।

# दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## दिव्यांग बच्चों द्वारा लगाई गयी हस्त कौशल प्रदर्शनी का सांसद भट्ट ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा आनंदम गार्डन में आयोजित दिव्यांग बच्चों की हस्त कौशल प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह का में सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों व महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखा व उनकी बहुत प्रशंसा की उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद संस्थान की निर्देशक डॉक्टर माधवी अवस्थी द्वारा सभी अतिथियों का अभिनंदन किया । दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद डॉक्टर माधवी अवस्थी ने संस्थान के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया । कार्यक्रम में हियरिंग इंपेयर्ड बच्चों द्वारा एक योग नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिसमें सेजल



कालरा,दक्ष जोशी,देवांश अग्रवाल ,कीर्ति वाधवा ,मेघा अरोड़ा, यश चौहान, विशेष वरुण, अंशिका अग्रवाल को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी, एवं श्रीमती शकुंतला मेहता को प्रदान किया गया। इसके अलावा श्रीमती निधि अग्रवाल,श्रीमती कमलप्रीत कौर , श्रीमती एलिका गुप्ता ,श्री राहुल सीगोरिया,श्रीमती वर्षा अग्रवाल ,श्रीमती अर्चना त्यागी ,श्रीमती स्नीत कौर,डॉ मनोरंजन पन्त एवं डॉक्टर नीरजा पन्त, डॉक्टर अशोक गर्ग एवं डॉक्टर पारूल गर्ग, श्रीमती प्रिया कक्कड़ ,श्री राजेश ठक्कर को भी सम्मानित किया गया। संस्थान के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों व आयाम प्रदान करने की सराहनाकी। दिव्यांग बच्चों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि विधायक शिव अरोरा, मिंडा कॉरपोरेशन के प्लांट हेड ललित मोहन जोशी ,डीपीएस स्कूल के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, आनंदम गार्डन के एम डी हरिवंश सिंह , वरिष्ठ पत्रकार केवल कृष्ण बतरा ने भी सम्बोधित किया और संस्था के कार्यों की सराहना की ।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के मोहन लाल अरोड़ा बने अध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक पुरातन शिव मंदिर सभागार में मोहनलाल अरोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक का संचालन पंकज कुमार कांडपाल द्वारा किया गया । बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए पेंशनर राशि में 5% की वेतन वृद्धि प्रत्येक 5 वर्ष में की जाए का प्रस्ताव किया गया। सभी सदस्यों ने पुरजोर मांग की कि रासिकृत राशि की वापसी 15 वर्ष के बजाय 10 वर्षों तक की जाए । 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले कारकों को राष्ट्रीय वेतन वृद्धि दी जाने, कोरोना काल में कार्य कर चुके कार्मिकों का 18 माह का अवशेष बकाया एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाने ,वरिष्ठ नागरिकों को हेली सेवा एवं ट्रेन के किराए की धनराशि में 50% तक छूट



प्रदान किए जाने,चिकित्सा भत्ता राज्य पेंशनर्स को केंद्र सरकार की पेंशनर्स के सामान दिये जाने, के प्रस्ताव पास किए गए । नई कार्यकारिणी का गठन करते संरक्षक कैलाश चंद पांडे एवं रमेश मौर्य,अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, महामंत्री सुबोध शर्मा,सचिव पंकज कुमार कांडपाल,उप सचिव गुलाब राम गुप्ता,कोषाध्यक्ष राम प्रसाद ध्यानी,संप्रेक्षक शिवनारायण वर्मा, संगठन मंत्री रामविलास,अशोक कुमार चौहान,मुक्ता प्रसाद शर्मा,अभिमन्यु सिंह,मोहनलाल वर्मा,,ब्रीत चावला,बृजेश दुबे, प्रचार मंत्री डॉ विपिन शर्मा,सुधांशु मोहन मिश्र,धर्मनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह यादव मनोनीत किए गए। बैठक में प्रतिभाग करने हेतु संगठन की ओर से श्री राम विलास जी को नामित एवं निर्वाचित किया गया । अंत में सभी सदस्यों को विधिवत शपथ दिलाई गई तथा अध्यक्ष द्वारा सभी पैनल पेंशनर्स को एकजुट और संगठित रहने का आह्वान किया गया ।

# उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 24 अक्टूबर को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव उत्तराखण्ड शासन, बेसिक शिक्षा देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (यूटीईटी0) 24 अक्टूबर को प्रात: 10 से 12:30 बजे एवं 2 से 4:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिलाधिकारी उदय राज सिंह के द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य में सम्मिलित की लिखित परीक्षा 24 अक्टूबर को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों, जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर, आ0ना0झा0 रा0इ0कॉ0 रूद्रपुर, गुरूनानक कन्या इ0कॉ0 रूद्रपुर, श्री सनातन धर्म कन्या इ0कॉ0 रूद्रपुर, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज रूद्रपुर कशीपुर बाईपास रोड रूद्रपुर, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज फाजलपुर महरौला, पर आयोजित की जा रही है, जिसे शान्ति पूर्वक ढंग से सुनश्चित कराया जाना जनहित मे आवश्यक है। कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की कार्यवाही कर सकते है, जिससे परीक्षा के संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है तथा शान्ति भंग होने की सम्भावना भी हो सकती है। जनहित में शान्ति एवं विधि–व्यवस्था बनाये रखने हेतु तुरन्त ही कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। अत: उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने बताया कि क्षेत्रान्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों पर धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं उनके चारों ओर 500 मीटर की दूरी के अन्दर कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारीयों/ आधिकारीयों/सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति नकल करने एवं नकल कराने में मदद नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के अन्दर परिक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री व सैलुलर फोन/मो० फोन तथा पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति शस्त्र आदि लाठी, चाकू व किसी भी प्रकार का हथियार व विस्फोटक पदार्थ नहीं ले जायेगा यह प्रतिबन्ध पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति केन्द्र की परिधि के अन्दर या आस–पास किसी समय परियोजन हेतु एकत्र नहीं होगें। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र की परिधि के अन्दर ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के परीक्षा केन्द्र की परिधि के अन्दर नारे आदि नहीं लगायेगा और न ही किसी राजकीय व सार्वजनिक सम्पत्ति को हॉनि पहुंचायेगा। यह आदेश मेरे अधिकारित क्षेत्र के अन्तर्गत परिक्षा केन्द्रों में परीक्षा समाप्ति होने तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश कि अवहेलना करने वाला व्यक्ति धारा 163 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक को किया सम्मानित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उधम सिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल्स की ओर से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें सीबीएसई, देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक मनीष अग्रवाल के माध्यम



से शाल ओढाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सुअवसर पर नवीन जोशी ने शिक्षकों एवं ऊधमसिंह नगर जिले के समस्त प्रबंधकों, प्रधानाचार्यो के बधाई दी व सभी का आभार व्यक्त किया गया। प्रबंधक जोशी ने इसका श्रेय अपने क्षेत्र के समस्त सम्मानित अभिभावकों और विद्यालय के समस्त स्टाफ को दिया।

# गुरुद्वारा साहिब के नवनिर्मित भवन का अखंड पाठ के साथ हुआ शुभारंभ

गदरपुर (उद संवाददाता)। विधानसभा गदरपुर के ग्राम कुआं खेड़ा में गुरुद्वारा भवन के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग एवं अरदास के उपरांत धार्मिक समागम द्वारा किया गया । वहीं सैकड़ो लोगों द्वारा दूरदराज से आकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया गया। समागम में बाबा ब्रह्म दास जी सिरसा हरियाणा वालों द्वारा सत्संग किया गया। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के नवनिर्मित भवन की शुभकामनाएं देते हुए सभी संगत को प्रात: सायं गुरुद्वारा में पहुंचकर होने वाले कार्यक्रम में शामिल रहने तथा नाम स्मरण करते हुए गुरबाणी का नित्य प्रति पाठ करने का आह्वान किया । उन्होंने गुरुमुखी पंजाबी भाषा का भी ज्ञान ग्रहण करने के लिए सबको अपील की । इस अवसर पर विधायक अरविंद पांडे, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह सहित तमाम संगत शामिल रही।



# उड़ान संस्था ने गरीबों को बांटा भोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था उड़ान ने डीडी चौक पर गरीब जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था की। उड़ान की चेयरपर्सन ज्योति गोयल ने बताया कि उनकी संस्था सामाजिक कार्य करती रहती है। संस्था की अध्यक्ष प्रिया गर्ग ने कहा



कि दिवाली के पावन अवसर पर वे अपनी टीम के साथ इस तरह के सामाजिक कार्य करती रहती है। उड़ान की सदस्यों का कहना था कि वह ऐसे सामाजिक कार्य आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर उड़ान संस्था चेयर पर्सन ज्योति गोयल, अध्यक्ष प्रिया गर्ग,महामंत्री कंचन अग्रवाल, सोनल बंसल पायल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ में भी हरियाणा...**में आपत्ति जताई ही है, साथ ही केदारनाथ विधानसभा सीट पर टिकट के अन्य दावेदारों ने भी पर्यवेक्षकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।पर्यवेक्षकों की ओर से सीधे देहरादून की जगह दिल्ली रिपोर्ट भेजे जाने पर पार्टी में घमासान की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश प्रभारी को नाम के पैनल के बारे में क्या रिपोर्ट भेजी गई है? इसका पता करन माहरा को भी नहीं लगा। इस पूरे मामले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि इस पर दिल्ली में होने वाली बैठक में बातचीत होगी। उनका कहना था कि पार्टी में हमेशा परंपरा रही है कि पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते हैं। उसके बाद पीसीसी उस रिपोर्ट में रिकमेंड लेटर लगाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेजती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी ने कुछ सोच कर रिपोर्ट सीधे मंगाई होगी। क्योंकि, केदारनाथ उपचुनाव टेक्निकल चुनाव है। इसी को देखते हुए कुमारी शैलजा ने ये निर्णय लिया होगा। दूसरी और प्रदेश प्रवक्ता और केदारनाथ विधानसभा सीट से दावेदार शीशपाल सिंह बिष्ट ने भी पर्यवेक्षकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि उपचुनाव को लेकर उन्होंने और 12 अन्य लोगों ने दावेदारी जताई है, लेकिन उपचुनाव के लिए भेजे गए पर्यवेक्षकों ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती और पक्षपातपूर्ण तरीके से प्रत्याशियों के पैनल की सूची तैयार की है।शीशपाल बिष्ट के प्रदेश कांग्रेस कमेटी को विश्वास में लिए बगैर जिस मनमाने तरीके से पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई थी, वो एक गलती थी। इसी गलती की वजह से पक्षपात की आशंकाएं आकार लेने लगी थी, जो अब सच होती दिखाई दे रही है। प्रत्याशी चयन में अगर पर्यवेक्षकों को अपनी ही मनमानी करनी थी तो फिर अन्य लोगों से आवेदन क्यों करवाए गए? उनसे निधरित शुल्क क्यों जमा करवाया गया ? शीशपाल सिंह बिष्ट ने साफतौर कहा कि इससे दावेदारों में भारी निराशा है। ऐसे में वो और अन्य दावेदार एक–दो दिन में भी दिल्ली जाकर इसकी शिकायत शीर्ष नेतृत्व से करेंगे। फिलहाल, केदारनाथ सीट पर कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर सिर फुटव्वल की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की नैया कैसे पर होगी ? यह एक बड़ा सवाल है।

**रोडवेज बसों के** ..रही। मंगलवार को सचिव के निर्देश पर राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव सनत कुमार सिंह ने मोर्चा के पदाधिकारियों से फिर वार्ता की, लेकिन बात नहीं बनने पर मोर्चा पदाधिकारियों ने वार्ता बीच में छोड़ दी व रात्रि 12 बजे से कर्मचारी हड़ताल पर जाने का ऐलान किया। जिसके बाद रात बारह बजे से रोडवेज बसों के पहिये जाम हो गये। रोडवेज बस अड्डों पर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार कर्मचारियों के साथ छल कर रही है।

# चोरों ने उड़ाई युवक की बाइक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में बाइक चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। अज्ञात चोरो ने एक और बाइक पर हाथ साफ कर लिया। मूल रूप से बागेश्वर निवासी नन्द किशोर पुत्र प्रेम राम ने तहरीर में बताया कि वर्तमान में वह सिंह कॉलोनी में रह रहा है ।बीते दिनों वह अपनी बाइक संख्या यूके 02ए 0687 पर शाम 4 बजे सब्जी मंडी सब्जी लेने गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक चुरा ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**मुठभेड़ में बदमाश...** दी और फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। देर हुई इस मुठभेड़ की सूचना पर एसएसपी अजय सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए।घायल बदमाश को इलाज के लिए प्राथमिक चिकित्सालय प्रेमनगर लाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे दून अस्पताल रेफर कर दिया। बदमाश के पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी तमंचा बरामद किया है। आरोपी की पहचान 23 वर्षीय अनुभव त्रिपाठी पुत्र सुदेश त्रिपाठी निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बदमाश की धरपकड़ के लिए जिले की सभी सीमाओं को सील किया गया था। आरोपी एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का सदस्य हैं। जो पूर्व में भी लखनऊ में जेल जा चुका है। पूछताछ में जानकारी मिली कि गिरोह के अन्य लोग भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए देहरादून आने वाले थे। मुठभेड़ में घायल बदमाश के खिलाफ कई थाना–क्षेत्रों में मुकदमे दर्ज है।

**मुख्य बाजार से फड़...** की व्यवस्था की गयी है साथ ही बाजार में मुख्य मार्ग पर ठेली लगाकर दीये, खीले बतासे, मूर्तियां, फूल आदि बेचने वालों के लिए भी गांधी पार्क में व्यवस्था की गयी है, लेकिन इससे लघु व्यवसायी नाराज हैं, उन्होंने गांधी पार्क में दुकानें लगाये जाने का विरोध करते हुए मुख्य मार्ग में बाटा चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य बाजार में ही दुकानें लगाने की मांग की। उनका कहना था कि गांधी पार्क में दुकानें लगाने से उनकी दुकानदारी प्रभावित होगी। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष्ज्ञ सीपी शर्मा, गोपाल, रामकली, सुनील कोली, अजय प्रकाश, सन्नी गंगवार, आकाश कोली, अमित कोली, राम प्यारी, जक्कू देवी, प्रीति, शंकर, गुड्डू आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**सड़क हादसे में** ...जहां उसकी हालत गंभीर है। इधर सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# 26 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में डेरा डालेंगे किसान: विर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क में ऐलान किया है कि अगर उड़द के किसानों को 25 अक्टूबर तक इंसाफ नहीं मिला और नकली बीज विक्रेताओं के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई नहीं हुई तो 26 अक्टूबर से उडद के किसान अपनी फसल के साथ कलेक्ट्रेट में डेरा डालेंगे और वहीं पर दिवाली मनायेंगे। विर्क ने कहा कि 26 अक्टूबर को संयुक्त किसान मोर्चा के सभी संगठन किसानों की इन समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में जुटेंगे जिस तरह से जनपद में कृषि अधिकारियों एवं बीज प्रमाणीकरण संस्थाओं की साठगांठ से नकली बीज एवं दवाइयों का गोरखधंधा चल रहा है। एक तरफ सरकार फसल चक्र की बात कर रही है दूसरी ओर आए दिन किसानों के साथ धोखाधड़ी हो रही है और विभाग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


ईशा ट्रेडर्स
महासेल
Upto
50%
हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि
Since
2004
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट
आर्टफिशयल घास
पी.यू. मार्बल शीट
वालपेपर
यू. वी. शीट
सम्पर्क सुत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)


Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances
गुरू मॉ
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF
LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty
30 Days Days Money Back Guarantee
Range available from 6 KG to 12 KG
AI DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK
1 EMI OFF
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME
FIXED EMI STARTING ₹994
AMERICAN EXPRESS
DBS
pine labs
SBI card
YES BANK
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704